लगाने के आपरेशन किये जाते हैं ।

(ख) उक्त अस्पातालों में से प्रत्येक अस्पताल में आंख लगाने के कितने आपरेशन किये गये और उनमें से कितने प्रतिशत आपरेशन सफल हुये; और

(ग) क्या हाल ही कुछ ऐसे तजुर्बे किये गये हैं जिनमें बछड़े के तारों (आंख के) को मानव आंखों में सफलतापूर्वक लगाया गया है; यदि हां, तो ऐसे तजुर्बे किन स्थानों पर किये गये हैं ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० सू० मूर्ति) : (क) से (ग). अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है तथा यथासमय सभा पटल पर रख दी जायेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में 'एक्सरे' की सुविधाएं

80. **श्री जगेश्वर यादव** : क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण क्षेत्रों में एक्सरे की सुविधायें केवल जिला मुख्यालय में ही उपलब्ध हैं, और इससे रोगियों को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है क्योंकि एक जिले का क्षेत्रफल लगभग 50 मील से भी अधिक होता है;

(ख) क्या सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 'एक्सरे' की सुविधायें उपलब्ध करने की कोई योजना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० सू० मूर्ति) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

चौथी योजना में देश में पेय जल की सुविधाओं की व्यवस्था करना

81. **श्री जगेश्वर यादव** : क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत देश में पेय जल की व्यवस्था करने के लिये कोई योजना तैयार की गई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ख) वर्ष 1970-71 में पूरे देश में जल की उपलब्धि की व्यवस्था के बारे में निर्धारित लक्ष्य क्या है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० सू० मूर्ति) : (क) और (ख). अपेक्षित सूचना विवरण में दी गई है ।

विवरण

भारत सरकार ने शहरों एवं ग्राम दोनों क्षेत्रों के लिये 1954-55 में "राष्ट्रीय जलपूर्ति एवं सफाई कार्यक्रम" नामक योजना प्रारम्भ की थी और तब से यह योजना चल रही है । इस ग्रामीण कार्यक्रम में पाइप जलपूर्ति योजनाओं के द्वारा भारत को ग्रामीण जनता को पेय जल देने की व्यवस्था की बात निहित है इन योजनाओं में उनके डिजायन का संचालन के लिए तकनीकी कौशल अपेक्षित है । इसके अलावा ग्रामों में साधारण कुएं/हैण्डपम्पों की व्यवस्था करने की एक योजना भी सामुदायिक विकास कार्यक्रम, स्थानीय विकास कार्य योजना (जिसे 1967-68 से 'कूप निर्माण कार्यक्रम'